


# प्रेस नोट - दिनांक 06.02.2025

## थाना बारासगवर, जनपद उन्नाव।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बारासगवर पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ  गिरफ्तार किया गया।**




**संक्षिप्त विवरण-** वादी श्री वेद प्रकाश पुत्र स्व0 रामबहादुर निवासी भरथीपुर थाना बारासगवर द्वारा मोटर साइकिल चोरी के संदर्भ में थाना बारासगवर पर मु0अ0सं0 14/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। आज दिनांक 06.02.25 को थाना बारासगवर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त जय बहादुर पुत्र स्व0 रामेश्वर पासी उम्र करीब 32 वर्ष नि0 ग्राम तिवारीपुर खुर्द थाना सरेनी जनपद रायबरेली को कब्जे से चोरी की एक मोटर साईकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस नं0 UP 35 BE 6406 बरामद कर ऊंचगांव नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की बढोतरी की गयी। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

जय बहादुर पुत्र स्व0 रामेश्वर पासी उम्र करीब 32 वर्ष नि0 ग्राम तिवारीपुर खुर्द थाना सरेनी जनपद रायबरेली।

**बरामदगी का विवरणः-** एक अदद मोटर साईकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस नं0 UP 35 BE 6406

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 171/16 धारा 380/457/411 भादवि थाना सरेनी रायबरेली
2. मु0अ0सं0 181/17 धारा 379/427/511 भादवि थाना सरेनी रायबरेली
3. मु0अ0सं0 260/17 धारा 380/457/411 भादवि थाना सरेनी रायबरेली,
4. मु0अ0सं0 208/17 धारा 3(25)4(25) आयुध अधि0 व 307 भादवि थाना सरेनी रायबरेली,
5. मु0अ0सं0 209/17 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना सरेनी रायबरेली,
6. मु0अ0सं0 402/17 धारा 2/3 यूपी गैगस्टर एक्ट थाना सरेनी रायबरेली,
7. मु0अ0सं0 350/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना डलमऊ रायबरेली,
8. मु0अ0सं0 351/22 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना डलमऊ रायबरेली,
9. मु0अ0सं0 46/24 धारा 380/457/411 भादवि थाना बिहार उन्नाव,

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री ओम प्रकाश यादव,
2. उ0नि0 श्री विनोद कुमार ,
3. का0 पवन कुमार,
4. का0 बसन्त कुमार पाल




**प्रेस नोट - दिनांक 06.02.2025**

**थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव ।**

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 05.02.2025 को थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/ वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना अभियुक्त सोनू उर्फ राहुल निषाद पुत्र बाबूराम उम्र करीब 25 वर्ष निवासी- भातू फार्म मुर्गी फार्म के आगे थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव को मय 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 50/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

सोनू उर्फ राहुल निषाद पुत्र बाबूराम उन्नाव उम्र करीब 25 वर्ष निवासी- भातू फार्म मुर्गी फार्म के आगे थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव।

**बरामदगी का विवरणः-** 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री रविशंकर पाण्डेय
2.हे0का0 महेन्द्र यादव
3.का0 मुकेश कुमार
4.का0 प्रशान्त






**प्रेस नोट - दिनांक 06.02.2025**

**थाना आसीवन, जनपद उन्नाव।**

## चोरी के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना आसीवन पुलिस द्वारा दो अभियुक्तगण को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 05.02.2025 को उ0नि0 श्यामजी शर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 24/2025 धारा 305(a)/331(4) BNS के संबंध में मियागंज-सफीपुर तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग में मुखबिर की सूचना पर ग्राम कादिलपुर की तरफ से आने वाले दो व्यक्तियो को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्तियो से नाम पता पूछते हुये जामा तलाशी ली गयी तो पहले व्यक्ति ने अपना नाम मलखान पुत्र बुद्धीलाल नि0मो0 बरादरी कस्बा मियागंज थाना आसीवन जनपद उन्नाव उम्र करीब 22 वर्ष बताया तथा जामा तलाशी में 1450 रुपये नगद, एक अदद वाई फाई डिवाइस (राउटर), एक अदद 5जी आउटडोर सीपीई, एक अदद दान पेटी बरामद की गयी तथा दूसरे ने अपना नाम ओमप्रकाश उर्फ छोटू पुत्र फूलचन्द्र नि0मो0 चमरौधा कस्बा मियागंज थाना आसीवन जनपद उन्नाव उम्र करीब 19 वर्ष बताया तथा जामा तलाशी में 1350 नगद बरामद हुये। पकड़े हुये व्यक्तियो से बरामद सामान व पैसे के बारे में कडाई से पूछताछ की गयी तो दोनो ने बताया कि दिनांक 04.02.2025 की रात हम दोनो ने मियागंज ब्लाक में एक कमरे का ताला कुंडी तोड़कर उससे यह सामान चोरी किया था जिसमें दान पात्र से 300 रुपये मिले थे जिसमें से हम लोगो ने 150, 150 रुपये आपस में बाट लिये थे तथा करीब 20 दिन पहले हम लोगो ने ग्राम अडंगाखेडा में रात में ही एक घर में छत से नीचे उतर कर अन्दर रखे बक्से को खोलकर उनमें से कुछ सोने चांदी के जेवर व नगद रुपये तथा एक घर में सेध लगाकर सूटकेस व बक्सा निकालकर बाहर ले जाकर खोले थे जिसमें कुछ सोने चांदी के जेवर व नगद रुपये मिले थे। बरामदगी माल के आधार पर धारा 317(2) BNS की बढोत्तरी करते हुये अभियुक्तगण उपरोक्त को हिरासत में लिया गया एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.मलखान पुत्र बुद्धीलाल नि0मो0 बरादरी कस्बा मियागंज थाना आसीवन जनपद उन्नाव उम्र करीब 22 वर्ष
2.ओमप्रकाश उर्फ छोटू पुत्र फूलचन्द्र नि0मो0 चमरौधा कस्बा मियागंज थाना आसीवन उन्नाव उम्र करीब 19 वर्ष

### बरामदगी का विवरण:-

1.एक अदद वाई फाई डिवाइस (राउटर)
2.एक अदद 5जी आउटडोर सीपीई
3.एक अदद दान पेटी फाइबर टूटी हुई
4.2800/- रुपये



## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्याम जी शर्मा
2.हे0का0 बैजनाथ
3.कां0 रितेश पटेल
4.कां0 जितेश कुमार